मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-374
28/07/2020

मुख्यमंत्री ने कोरोना संक्रमण एवं बाढ़ की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की

कोरोना पर नियंत्रण के लिये हर जिले में अस्पतालों की व्यवस्था के लिये डेडीकेटेड टीम लगायी जाय :– मुख्यमंत्री

- अस्पतालों में स्थापित कंट्रोल रूम के माध्यम से भर्ती मरीजों से प्रतिदिन बात कर उनके स्वास्थ्य की स्थिति, दवा की उपलब्धता एवं उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली जाय।

- किसी मरीज द्वारा यदि कोई समस्या बतायी जाती है तो तत्काल उसका निराकरण कराया जाय।

- होम आइसोलेशन में रहने वाले लोगों की भी लगातार मॉनिटरिंग की जाय, उन्हें किसी प्रकार की चिकित्सा सुविधा की जरूरत होने पर अविलंब सुविधा उपलब्ध करायी जाय।

- अस्पतालों में चिकित्सा सुविधा, दवा एवं अन्य उपकरणों, भोजन तथा साफ–सफाई पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

- आर0टी0पी0सी0आर0 टेस्ट की संख्या बढ़ायी जाय।

- आवश्यकतानुसार कम्यूनिटी किचेन और राहत केन्द्रों की संख्या बढ़ायी जाय और वहाँ सोशल डिस्टेंसिंग के नॉर्म्स का पूर्ण अनुपालन हो।

- जिला प्रशासन की टीम कर रही है बेहतर काम। जिला प्रशासन संकट की इस घड़ी में पूरी तैयारी रखे।

पटना, 28 जुलाई 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार के साथ कोरोना संक्रमण एवं बाढ़ की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को निर्देश देते हुये कहा कि कोरोना पर नियंत्रण के लिये हर जिले में अस्पतालों की व्यवस्था के लिये डेडीकेटेड टीम लगायी जाय ताकि मरीजों के अस्पताल आने के बाद उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि अस्पतालों में स्थापित कंट्रोल रूम के माध्यम से भर्ती मरीजों से प्रतिदिन बात कर उनके स्वास्थ्य की स्थिति, दवा की उपलब्धता एवं उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली जाय। किसी मरीज द्वारा यदि कोई समस्या बतायी जाती है तो तत्काल उसका निराकरण कराया जाय। उन्होंने निर्देश दिया कि होम आइसोलेशन में रहने वाले लोगों की भी लगातार मॉनिटरिंग की जाय, उन्हें किसी प्रकार की चिकित्सा सुविधा की जरूरत होने पर अविलंब सुविधा उपलब्ध करायी जाय। उनका मनोबल भी लगातार बनाये रखने की जरूरत है।

मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि यह सुनिश्चित किया जाय कि मरीजों को अस्पताल में भर्ती होने में कोई समस्या न हो। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में चिकित्सा सुविधा, दवा एवं अन्य उपकरणों, भोजन तथा साफ–सफाई पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि मरीजों को किसी भी तरह की परेशानी न हो।

मुख्यमंत्री ने आर0टी0पी0सी0आर0 टेस्ट की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया और कहा कि सभी जिलों में भी आर0टी0पी0सी0आर0 टेस्ट की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग ठोस प्रयास करे।

मुख्यमंत्री ने बाढ़ की अद्यतन स्थिति की समीक्षा के क्रम में निर्देश दिया कि आवश्यकतानुसार कम्यूनिटी किचेन और राहत केन्द्रों की संख्या बढ़ायी जाय और वहॉ सोशल डिस्टेंसिंग के नॉर्म्स का पूर्ण अनुपालन हो। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की टीम बेहतर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में जिला प्रशासन पूरी तैयारी रखे।

******